# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 11.07.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

**❖कई महिनों से फरार/वांछित 25 हजार रुपए के इनामिया अभियुक्त को थाना बबेरु पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाए जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बबेरु पुलिस द्वारा कई महिनों से फरार/वांछित 25 हजार रुपए के इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना मरका क्षेत्र के ग्राम कुम्हेणा में पुरानी रंजीश व पैसे के लालच में एक 03 वर्षीय बच्चे का दिनांक 16.02.2025 को अभियुक्तों द्वारा अपहरण कर लिया गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना मरका पर अभियोग पंजीकृत करते हुए थाना मरका पुलिस द्वारा अपहृत बच्चे को सकुशल बरामद करते हुए घटना में शामिल 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था जबकि घटना में शामिल 01 अन्य अभियुक्त कई महिनों से फरार चल रहा था जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। इसी क्रम में थाना बबेरु पुलिस द्वारा फरार/वांछित अभियुक्त को निभौर से गिरफ्तार कर लिया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. अरविन्द यादव पुत्र मुन्शी यादव निवासी अहिरानी थाना बिल्हौर जनपद कानपुर।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0- 25/25 धारा 137(2)/97/143(4)61(2) बीएनएस 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट थाना मरका जनपद बांदा।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 श्री सैफ अहमद अंसारी
2. उ0नि0 श्री रामेन्द्र सिंह
3. म0उ0नि0 निक्की पटेल
4. हे0कां0 रजनीश पाण्डेय
5. कां0 नकुल राय
6. कां0 मोहित